



## एक नजर में

### पेट्स को दिन में दो बार का फूड ही पर्याप्त



**इंदौर.** ह्यूमन कार्डियोलॉजी जहां सौ साल से अधिक पुराना विज्ञान है, वहीं वेटेनरी कार्डियोलॉजी अपेक्षाकृत नया क्षेत्र है और इसे विकसित हुए करीब 25 साल हुए हैं। हालांकि, पिछले पांच वर्षों में इसमें तेजी से तकनीकी प्रगति हुई है। अब हार्ट अल्ट्रासाउंड, चेस्ट एक्स-रे और ब्लड टेस्ट के जरिए पेट्स में हृदय संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान संभव हो गई है. 17वीं एफएसएपीएआई इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के दौरान हैदराबाद से आई वेटेनरी कार्डियोलॉजिस्ट डॉ रंजिता तिवारी ने बताया कि लगभग हर पेट उम्र बढ़ने के साथ किसी न किसी रूप में हार्ट पेशेंट बन सकता है, इसलिए पेट पेरेंट्स को जागरूक होना जरूरी है. खानपान को लेकर उन्होंने सलाह दी कि डॉग्स को दिन में दो बार तय समय पर केवल डॉग फूड दिया जाए और इसके अलावा सिर्फ पानी ही दिया जाए, इससे वे लंबे समय तक स्वस्थ रह सकते हैं. डॉग्स की पांच साल की उम्र में एक बार सभी जरूरी जांच जरूर करानी चाहिए, ताकि भविष्य में होने वाली बीमारियों से बचा जा सके. कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ नरेंद्र चौहान ने बताया कि ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन फेडरेशन ऑफ स्मॉल एनिमल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया और यूनाइटेड स्मॉल एनिमल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया. अंतिम दिन सोमवार को ऑय और एब्डोमन जनरल सर्जरी का डेमोस्ट्रेशन भी आयोजित होगा. वाईस प्रेसिडेंट डॉ पदम जैन ने बताया कि कॉन्फ्रेंस को पूरी तरह नेचर फ्रेंडली और इको फ्रेंडली बनाने की कोशिश की गई है. सभी डेलिगेट्स को कपड़े के बैग दिए गए. इसके साथ ही जो ब्रोशर वितरित किए गए, उनके कागज में बीज छुपे हुए हैं.

### सरोकार साझा मंच की मासिक बैठक




**इंदौर.** सरोकार साझा मंच की मासिक बैठक में भारतीय संविधान- जैसा मैंने समझा और विवाह के बदलते प्रतिमान पर चर्चा की गई. आयोजक माधुरी निगम ने संविधान के लोकतान्त्रिक स्वरूप पर विचार रखे. वक्ताओं ने संविधानिक प्रावधानों का पालन, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, और विवाह के बदलते स्वरूप पर चर्चा की. करुणा प्रजापति ने बेहतर समाज के निर्माण के लिए संविधानिक प्रावधानों का कड़ाई से पालन और आत्ममंथन जरुरी बताया. डॉ. अर्चना त्रिवेदी ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के परिप्रेक्ष्य में डिजिटल मीडिया में अमर्यादित और बिगड़े बोल की समस्या बताई. महिमा शुक्ला ने संविधान के स्वरूप, सरकार में %शक्ति संतुलन% और संशोधन प्रकिया पर बात की. मृदुला शर्मा ने पुन: एक बड़े आंदोलन की जरूरत बताई जिससे पीड़ित को समय पर और सही न्यायिक राहत मिल सके. अमिता मराठे ने संविधान को जनहित का सुरक्षा कवच बताया। गायत्री शर्मा ने विवाह संस्कार के बदले स्वरूप में बढ़ते अनावश्यक खर्च, महंगे आयोजन और दबाव पर बात की. आशा मुंशी ने अंतरधार्मिक और अंतरजातीय विवाहों की समस्यायें रेखांकित कीं. निर्मला बागोरा, संतोषी यदुवंशी, कृष्णा जोशी और कविता मेहता ने पारिवारिक व्यवस्था, नैतिकता और असुरक्षित विवाह सम्बन्ध पर चर्चा की. अर्चना पंडित, वंदना मिश्रा, समिधा शुक्ला, कविता चौहान, संगीता चौहान, जयश्री शर्मा और वंदना शर्मा ने मधुर स्वर में जगजीत सिंह, गुलज़ार, दुष्यन्त कुमार की गज़लें प्रस्तुत कीं. आभार गायत्री शर्मा ने प्रकट किया.

### मानव सेवा सहायता दिवस के रूप में साधारण सभा



**इंदौर.** जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीज़न, इंदौर मानव सेवा में अग्रणी जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीज़न इंदौर की मासिक साधारण सभा जाल सभागृह इंदौर पर मानव सेवा सहायता दिवस व महातंबोला के रूप में आयोजित की गई. अध्यक्ष सुरेश देशलेहरा ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी। मानव सेवा के रूप में राजशान्ति आशियाना में रसोईघर के निमार्ण हेतु एवं सेवा भारती इंदौर व नारायण सेवा संस्थान उदयपुर को आपरेशन हेतु सहायतार्थ राशी प्रदान की. आगे भी ग्रुप द्वारा निरंतर मानव सेवा के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित किया जावेगा. मानव सेवा के अंतर्गत इस माह में 7 शिविर आयोजित किये गये जिसमें 2750 मरीजों का परिक्षण किया. 190 आपरेशन हुए एवं 2210 चश्मों का निशुल्क वितरण किया गया, साथ ही निराश्रित आश्रम में सभी के लिये वस्त्र और अनाज का वितरण ग्रुप द्वारा किया गया. ग्रुप के सदस्यों की परिचय पुस्तिका रत्न वाटिका का विमोचन समाजसेवी कांतिलालजी बम द्वारा किया गया. ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य व पूर्व अध्यक्ष विजयसिंह नाहर का 90 वे जन्मदिन पर अभिनंदन किया गया. सभा में गोपीलाल सामोता, भंवरलालजी कासवा, विजयसिंह नाहर, सुरेन्द्रकुमारजी मारू, सुरेशचंद जैन अशोक सोजतिया, श्रेनिक तांतेड, जिनेन्द्रकुमार पारख, महेशजी डाकोलिया गिरीशजी बाफना आदि सदस्य उपस्थित थे. संचालन सचिव किरण संचेती ने किया. आभार अरविन्द चौधरी ने माना.

### मधुमेह व मोटापे से मुक्ति शिविर में 560 लोगों की जांच



**इंदौर.** अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति, बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के सहयोग से श्रीमती नीना देवी अग्रवाल की स्मृति में शनिवार को एयरपोर्ट रोड स्थित बाबाश्री रिसोर्ट पर आयोजित छठें स्वास्थ्य परीक्षण एवं निशुल्क जांच शिविर में पहले दिन 560 समाज बंधुओं ने अपनी सभी प्रकार की 32 जांचे कराई और 12 यूनिट रक्त का संग्रह भी किया गया. क्षेत्र के समाज बंधुओं की ओर से समाजसेवी जगदीश बाबाश्री, सीतादेवी गोयल एवं गोपाल गोयल ने महाराजा अग्रसेन, कुलदेवी महालक्ष्मी एवं श्रीमती नीनादेवी अग्रवाल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया. शिविर संयोजक किशोर गोयल, नितिन अग्रवाल एवं तृप्ति गोयल ने बताया कि अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल एवं बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के प्रमुख विनोद अग्रवाल के मार्गदर्शन में समाज बंधुओं को मोटापा एवं मधुमेह से मुक्त बनाने के पवित्र उद्देश्य से श्रीमती नीनादेवी अग्रवाल की स्मृति में गत 21-22 फरवरी से यह अभियान हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन की डॉ. विनिता कोठारी एवं डॉ. अरुण अग्रवाल की टीम द्वारा चलाया जा रहा है.

# अक्षय तृतीया पर सामूहिक शादी में 400 जोड़ें बंधे बंधन में

▶ मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत किए आयोजन में शामिल हुए सीएम डॉ. यादव



**मांडू. अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत एक भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल हुए। इस आयोजन में लगभग 400 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना दिया।**

मुख्यमंत्री का सिमरली में भव्य स्वागत, हेलीपैड से मंच तक गूंजा उत्साह मुख्यमंत्री का आगमन पूरे क्षेत्र के लिए उत्सव जैसा बन गया। हेलीपैड पर जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार,विधायक कालू सिंह ठाकुर और सरदार सिंह मेड़ा अशोक जाट ,निखिल ग्वाल,सोनू यादव ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

जैसे ही मुख्यमंत्री मंच पर पहुंचे, धर्मपुरी विधानसभा के पांचों मंडलों के मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर भव्य स्वागत किया। विशाल फूलमाला पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया, जिससे पूरा वातावरण उत्साह और जयकारों से गूंज उठा।

इस अवसर पर आदिवासी अस्मिता और वीरता के प्रतीक टंट्या मामा (जिन्हें बिरसा मुंडा की परंपरा का प्रेरक भी माना जाता है) के चित्र भेंट कर मुख्यमंत्री का सम्मान किया गया। यह सम्मान क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत और आदिवासी गौरव का प्रतीक बना।

विधायक कालू सिंह ठाकुर ने भी मुख्यमंत्री को माला पहनाकर उनका स्वागत किया और उनके आगमन को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण बताया। पूरे आयोजन में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था, जिसने कार्यक्रम को और अधिक भव्य एवं यादगार बना दिया।परशुराम जयंती के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री ने नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद देते हुवे कहा कि यह दिन अत्यंत पावन और शुभ है, क्योंकि आज भगवान भगवान परशुराम की जयंती है, जो पराक्रम और धर्म के प्रतीक माने जाते हैं।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में धार जिले के ऐतिहासिक स्थल अमझेरा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि भी अत्यंत पवित्र है, जहां भगवान भगवान कृष्ण और माता रुक्मिणी के विवाह की पावन कथा जुड़ी हुई है।

उन्होंने बताया कि वे स्वयं परशुराम जन्मस्थली पर जाकर दर्शन कर आए हैं, और वहां से लौटने में व्यस्तता के बावजूद इस कार्यक्रम में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री ने सभी नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह सामूहिक विवाह योजना समाज के लिए एक प्रेरणादायक पहल है।

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से विधायक की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पुत्र पवन और भतीजी किरण का विवाह भी इसी सामूहिक योजना में कर समाज को एक सशक्त संदेश दिया है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उन्होंने स्वयं भी कुछ माह पूर्व अपने पुत्र का विवाह मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत किया था, जिससे इस योजना के प्रति उनका विश्वास और प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है।

### ▶ करोड़ों रुपए के कामों को भी मंजूरी...

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विधायक के क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपये की स्वीकृति भी प्रदान की। विधायक जी ने मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि 'मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हमारे छोटे से आग्रह को स्वीकार कर आज आदिवासी अंचल में आकर इस आयोजन को गौरवान्वित किया है।' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की उपस्थिति से कार्यक्रम में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी कार्यकर्ताओं और आयोजकों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में शामिल होने की बात कही। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के प्रसिद्ध भगोरिया उत्सव की प्रशंसा करते हुए अगली बार इसमें शामिल होने की सहमति भी प्रदान की यह स्वागत समारोह न केवल राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक बनकर उभरा। कार्यक्रम में अध्यक्ष चंचल पाटीदार,महा मंडलेश्वर मिथिला दास जी महंत जितेंद्र दास जी बैरागी प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल जिला प्रभारी राधेश्याम यादव,विनोद शर्मा,सरदार सिंह मेढ़ा ,छतर सिंह दरबार,रंजना बघेल,मुकाम सिंह किराड़े, रेवती रमण राजूखेड़ी,वीरेंद्र बघेल,संतोष राठौर,अनीता शर्मा,महेंद्र महाजन, रविन्द्र परिहार, नगिन सोनी,मोहन पटेल,लोकेश मुकाती, करण काहिर,ममता वर्मा, लोकेंद्र चौधरी,रघु निनामा,प्रशांत शर्मा,कुसुम सोलंकी,निलेश माहेश्वरी,विजय घारू, रामलाल यादव डॉ महेश यादव, पप्पू राठौर,ओमप्रकाश कामदार,संतोष पटेल,राजेंद्र प्रजापत, धन सिंह डोडवे, सहित कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और नेता उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के मुख्यमंत्री ने समारोह में शामिल सभी नवविवाहित जोड़ों पर पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद प्रदान किया तथा उन्हें सप्रेम भेंट देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन में लगभग 20 हजार से अधिक लोग शामिल हुए, जिनके लिए विशाल स्तर पर भोजन व्यवस्था की गई। पूरे आयोजन ने सामाजिक एकता, परंपरा और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। यह सामूहिक विवाह समारोह न केवल एक सफल आयोजन रहा, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश देने वाला और जनकल्याण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल भी सिद्ध हुआ। प्रशासन एवं पुलिस की व्यवस्था चाक चौबंद रही।

## सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरदारपुर में लगा विधिक साक्षरता शिविर

**सरदारपुर । सरदारपुर के शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण सरदारपुर के सचिव एवं जिला जज हेमंत यादव, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सरदारपुर रूही एजाज मेव । अभिभाषक संघ अध्यक्ष कमल किशोर वैष्णव ने भाग लिया। शिविर को संबोधित करते हुए श्री यादव ने बताया कि देश में विधि अनुसार शासन चलता है । विद्यार्थियों को संबोधित करते हैं बताया कि बच्चों को नियमों का पालन करना चाहिए उन्हें सीखना चाहिए कि जीवन में विधि का क्या महत्व है ।**

रूही एजाज मेव ने संबोधित करते हुए बताया कि संविधान में नागरिकों को कितने अधिकार दिए हैं यदि नागरिक अधिकारों का उलंघन होता है तो नागरिक को कहां से और किस प्रकार से सहायता प्राप्त हो सकती है । शिविर को अभिभाषक संघ अध्यक्ष श्री कमल किशोर वैष्णव ने भी संबोधित किया। संस्था प्राचार्य श्री गब्बर सिंह पटेल ने शाला की उपलब्धि के बारे में बताया । इस अवसर पर संस्था के उप प्राचार्य श्री शांतिलाल वसुनिया रजनी मालवीय अभिषेक जैन बृजेश चौरसिया आदि संस्था के शिक्षक गण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे । शिविर का संचालन श्री संजय दीक्षित ने किया एवं आभार उपप्राचार्य श्री शांतिलाल वसुनिया ने माना ।



## डिजिटल जनगणना का पहला चरण शुरू, सेल्फ एन्यूमरेशन की सुविधा

**सरदारपुर। नगर परिषद सरदारपुर-डिजिटल जनगणना का बहुप्रतीक्षित पहला चरण शुरू हो गया है इसके तहत नागरिकों के लिए स्व गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की सुविधा पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है।**

जानकारी अनुसार इसमें जनता अपने परिवार और आवास से जुड़ी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकती है। यह प्रक्रिया 30 अप्रैल तक जारी रहेगी नई प्रक्रिया के तहत नागरिकों को अब प्रगणकों के घर घर आने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा वह अपने मोबाइल अथवा कंप्यूटर से सुविधा अनुसार अपनी जानकारी स्वयं भर सकेंगे जानकारी सबमिट करने के बाद एक यूनिक सेल्फ एन्यूमरेशन आईडी मिलेगी जिसे सुरक्षित रखना जरूरी है 1 से 30 तक प्रगणक घर-घर जाकर डेटा सत्यापन का कार्य करेंगे तब नागरिकों को अपनी आईडी उन्हें दिखाना होगी मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं चार्ज अधिकारी यशवंत शुक्ल द्वारा नागरिकों से अधिक से अधिक सेल्फ एन्यूमरेशन किए जाने की अपील की गई है अधिकारी द्वारा शासकीय कार्यालयो में एवं मुख्य मार्गों पर जाकर सेल्फ एनीमेशन के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## एक नजर में

**सुबह से शाम तक चला भगवान के अभिषेक का सिलसिला, बड़ी संख्या में शामिल हुए ब्राह्मण समाजजन**

# जयकारों से गूंजी धार नगरी : हर्षोल्लास के साथ मनाया श्री परशुराम जन्मोत्सव



**धार। भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव के अवसर पर आज समूची धार नगरी भक्ति के रंग में डूबी नजर आई। सुबह के अभिषेक से लेकर देर शाम तक निकले चल समारोह तक, ब्राह्मण समाज सहित सर्वसमाज में भारी सहित सर्वसमाज में भारी उत्साह देखा गया।**

सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा धारेश्वर मंदिर में भगवान परशुराम प्रतिमा के समक्ष बड़ी संख्या में ब्राह्मण जोड़ो द्वारा रुद्राभिषेक किया । उपस्थित कर्मकांडी विद्वान ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक प्रारंभ किया तो पूरा मंदिर प्रांगण मंत्रो से गुंजायमान हो गया । मंत्रोच्चार की गूंज के बीच समाजजनों ने विश्व कल्याण और सुख-समृद्धि की कामना की व महाआरती का आयोजन कर प्रसादी व फलाहार का वितरण किया गया किया । रुद्राभिषेक के दौरान सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पंडित विश्वास पांडे कार्यकारी अध्यक्ष पंडित धर्मेंद्र जोशी, ऋषि भार्गव, गोटू शुक्ला, प्रवीण शर्मा, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, डॉ प्रदीप रावत,श्रीकांत द्विवेदी,जितेंद्र पांडिया, तरुण जोशी, संजय शर्मा,ममता जोशी,मीना दुबे,,रीता घोड़गांवकर, अवंती शर्मा, अभिषेक चतुर्वेदी, राजा शर्मा, वरदान तिवारी आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी देते हुए सर्व ब्राह्मण समाज के जिला मीडिया प्रभारी पं. ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने देते हुए बताया कि वही वसंत विहार स्थित परशुराम मंदिर में सर्व ब्राह्मण समाज एवं कॉलोनी वासियों द्वारा परशुराम जयंती के उपलक्ष में दोपहर 12:00 बजे महाआरती का आयोजन किया गया जिसे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया जिससे मंदिर परिसर 'जय परशुराम' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। आरती के पश्चात प्रसादी का वितरण भी किया गया।आकर्षक रथ के साथ निकाली भव्य शोभा यात्रा -धार। परशुराम जन्मोत्सव के तहत सर्व ब्राह्मण समाज भव्य व आकर्षक शोभायात्रा शहर के प्रमुख भागों से निकाली गई। शोभा यात्रा के प्रारंभ में धारेश्वर मंदिर मंदिर प्रांगण में सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पंडित विश्वास पांडे,कार्यकारी अध्यक्ष पंडित धर्मेंद्र जोशी, शोभायात्रा प्रभारी,ऋषि भार्गव, उपाध्यक्ष गोटू शुक्ला, सचिव प्रवीण शर्मा, वरिष्ठ मार्गदर्शक ज्ञानेंद्र त्रिपाठी,आदि महा आरती में शामिल हुए। धारेश्वर मंदिर प्रांगण से शोभा यात्रा शनिगली, जवाहर मार्ग, धान मंडी चौराहा होते हुए लालबाग परिसर में संपन्न हुई जिसमें बड़ी संख्या में समाज बंधु शामिल हुए। शोभा यात्रा पश्चात महा आरती एवं भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। शोभायात्रा मे भगवान परशुराम का रथ आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। शोभायात्रा मे ब्राह्मण समाज के पुरुष एवं महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए।संपूर्ण शोभायात्रा मार्ग पर अनेक मंचों से पुष्प वर्षा कर जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।

### सर्वब्राह्मण समाजजन ने दर्ज करवाई उपस्थिति

शोभायात्रा में सर्व ब्राह्मण समाज जिला अध्यक्ष विश्वास पांडे, कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी सहित ,प्रवीण शर्मा, गोटू शुक्ला, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, प्रेम रावल, श्रीकांत द्विवेदी, एन.एम.शर्मा, गोपाल शर्मा, ब्रजकिशोर बोड़ा, संजय बाजपेई, जयप्रकाश त्रिपाठी, अमित मंडलोई, राजेश शर्मा, पिंटू रावल,पुनीत तिवारी, जितेंद्र पंडिया, देवेंद्र रावल, विजय दवे, राजा शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, नमन रावल,अभिषेक चतुर्वेदी, चेतन शर्मा, सूर्या दुबे, तरुण जोशी, मंगेश शर्मा,संजय बाजपेई , मनीष तिवारी ,राजेश जोशी,सुनील तिवारी, चैतन्य त्रिपाठी, प्रणय तिवारी,ममता जोशी,मीना दुबे,प्रतिभा शर्मा, सोनाली दुबे, मोनिका शर्मा, जागृति शर्मा, रीता घोड़गांवकर, श्रद्धा पांडे, अवंती शर्मा अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।